Title: Need to grant a financial package for all-round development of the state of Bihar. − Laid.

**श्री विजय कृण (बाढ़):** अध्यक्ष महोदय, पूर्ववर्ती सरकार ने झारखंड निर्माण से बिहार को हुए भारी वित्तीय नुकसान की भरपाई के लिए वित्तीय पैकेज देने का वायदा किया था, लेकिन वायदा पूरा नहीं हुआ। स्व0 राजीव गांधी के शासन काल के दौरान भी बिहार के विकास के लिए 57 अरब रूपए के वित्तीय पैकेज की घोाणा की गई थी, लेकिन इस पर भी सरकार ने अमल नहीं किया। बिहार में अधिकतर परिवार गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर कर रहे हैं और बिहार औद्योगिक रूप से पिछड़ा हुआ है।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि बिहार सरकार ने राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए केन्द्र सरकार से 111.6 अरब रूपए की जो वित्तीय सहायता की मांग की है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए।